लापरवाही प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा, जिम्मेदार विभाग उदासीन

जल संरक्षण के दावों पर पानी फेर रहा टैगोर गार्डन का रिसता नल

नवभारत,जबलपुर। जल है तो कल है और जल संरक्षण जैसे अभियानों के माध्यम से हर बूंद बचाने का संदेश दिया जा रहा है, वहीं शहर के प्रमुख सार्वजनिक उद्यान टैगोर गार्डन में एक रिसता हुआ पेयजल नल इन प्रयासों को चुनौती देता नजर आ रहा है। नल के लगातार लीकेज होने से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की उदासीनता के चलते समस्या लंबे समय से जस की तस बनी हुई है।

लगातार बहते पानी से न केवल अमूल्य पेयजल बबाज़्द हो रहा है, बल्कि नल के आसपास पानी जमा होने से काई जम गई है। इससे यहाँ वॉक पर आने वाले बुजुगोज़्, महिलाओं और बच्चों के फिसलकर घायल होने का खतरा बढ़ गया है। जलभराव के कारण गंदगी और मच्छरों के पनपने की

आशंका भी बनी हुई है, जो स्वास्थ्य के लिए भी चिंता का विषय है।

प्रतिदिन बड़ी संख्या में आते हैं लोग

टैगोर गार्डन शहर का प्रमुख सावज़्जनिक उद्यान है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग सैर, व्यायाम और योग के लिए पहुंचते हैं। ऐसे स्थान पर पेयजल व्यवस्था की बदहाली न केवल रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर कर रही है की जब सार्वजनिक संपत्तियों का संरक्षण नहीं हो पा रहा है तो जल संरक्षण के संदेश आम लोगों तक कितना प्रभावी ढंग से पहुंच पाएंगे।

जल संरक्षण के संदेश पर सवालिया निशान

जानकारों का मानना है की जल संरक्षण केवल बड़े बांध, तालाब और वर्षा जल संचयन तक सीमित नहीं है। एक रिसते हुए नल से भी प्रतिदिन सैकड़ों से हजारों लीटर पानी व्यथज़् हो सकता है। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर छोटी-छोटी लापरवाहियों को रोकना भी जल संरक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि पेयजल नल का लीकेज तत्काल दुरुस्त कराया जाए और नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। पानी की हर बूंद अनमोल है और इसकी रक्षा की शुरुआत सरकारी एवं सार्वजनिक परिसरों से ही होनी चाहिए।

हर बूंद बचाना ही भविष्य बचाना है

जल संरक्षण की शुरुआत घरों से ही नहीं, बल्कि उन सावज़्जनिक स्थानों से भी होनी चाहिए जहां प्रतिदिन हजारों लोग आते हैं। यदि एक रिसता हुआ नल समय पर ठीक कर दिया जाए, तो प्रतिवषज़् लाखों लीटर पेयजल बचाया जा सकता है। यही छोटी पहल भविष्य की बड़ी जल सुरक्षा का आधार बन सकती है।

इनका कहना है

जल संरक्षण के नाम पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन यहां रोज पानी बह रहा है। यदि समय पर मरम्मत हो जाए तो हजारों लीटर पानी बचाया जा सकता है।

रवि कुमार
मॉर्निंग वॉकर

यह केवल एक खराब नल नहीं, बल्कि सावज़्जनिक संसाधनों के प्रति लापरवाही का उदाहरण है। केन्ट प्रशासन को तत्काल कारज़्वाई करनी चाहिए, ताकि पानी की बबादज़ी रुके और लोगों को सुरक्षित पेयजल मिल सके।

विनोद मौर्य
नियमित वॉकर

रिटायर्ड प्रिंसिपल को धमकाया, सोने के जेवर उतरवाकर लेकर हुए फरार

बदमाशों ने टहलने निकली वृद्धा को टारगेट कर पहले पूछा पता फिर डराया

नवभारत, जबलपुर। विजय नगर थाना अंतर्गत एसआर मॉल के पास शनिवार सुबह घर से टहलने निकली रिटायर्ड प्रिंसिपल को बदमाशों ने टारगेट करते हुए पहले पता पूछा। इसके बाद धमकाते हुए डराया और पहने हुए सोने के जेवर उतरवाये। वृद्धा से गोल्ड लेकर आरोपित फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रिटायर्ड प्रिंसिपल अंजू क्षेत्रपाल 64 वर्ष निवासी दीनदयाल चौक की शनिवार सुबह लगभग 6-30 बजे अपने घर से टहलने के लिये निकली थी गले में सोने की चैन, दोनों हाथ में सोने के 2 कड़े, उंगली में 1 अंगूठी पहनी हुयी थी, टहलते हुये एसआर मॉल के पास पहुंची तभी 2 लड़के जिनकी उम्र लगभग 25-30 वर्ष के उसके पास होगी सीधे आकर बातों में उलझा लिया और किसी के घर के बारे में पूछने लगे। अचानक से जान से मारने की धमकी देते हुये पहने हुये गहने उतारकर देने के लिये कहने लगे, उसने डर के कारण उनकी बात मानते हुये गले में पहनी हुई सोने की चैन, हाथ में पहने हुये 2 कड़े व अंगूठी निकालकर उन्हें दे दिये। दोनों लड़के उसका सोने का सामान लेकर भाग गये।

सहम गई थी पीड़िता खंगाले जा रहे फुटेज

अचानक वारदात से पीड़िता सहम गई और घर पहुंची इसके बाद परिजनों को पूरे मामले से अवगत कराया। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पीड़िता ने पुलिस को आपबीती सुनाई। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

एक नजर में

फैक्ट्री कर्मचारी के खाते से निकले 1 लाख

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत धनी की कुटिया निवासी आर्डिनेंश फैक्ट्री कर्मचारी के खाते से एक लाख रूपए निकाल लिए गए। पुलिस के मुताबिक शनिवार को नवीन चतुर्वेदी 49 वर्ष निवासी धनी की कुटिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आर्डिनेंश फैक्ट्री खमरिया में नौकरी करता है। वासिंग मशीन की रिपेयरिंग के लिए टेक्नीसियन का नम्बर गूगल के माध्यम से सर्च करते समय एक मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया जिसने उसे व्हाटसएप नम्बर में जोड़ने की बात करते हुये टेक्नीसियन का मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराने का कहते हुये एक मैसेज भेजा कि टेक्नीसियन का मोबाइल भेजा है और एपीके फाईल मैसेज भेजकर उससे क्लिक करवाया, जिससे उसके मोबाइल की स्क्रीन ब्लेक हो गयी। बिना ओटीपी, पिन अथवा अन्य कोई जानकारी दिये उसके खाते से कुल 99 हजार 590 रूपये आनलाईन निकाले जा चुके थे।

तेज रफ्तार कार ने दो स्कूटियों को रौंदा, दो गंभीर

नवभारत,जबलपुर। अधारताल थाना क्षेत्र में शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार कार चालक ने आगे चल रही दो अलग-अलग स्कूटियों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अधारताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रात करीब 1:30 बजे सजनी शोरूम के सामने से दो स्कूटी सवार गुजर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार क्रमांक 20 सी एफ 6472 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए दोनों स्कूटियों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों स्कूटी सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के तुरंत बाद पुलिस पहुंच गई। हादसे में स्कूटी सवार मोहम्मद शौकत और मोहम्मद शकील को चोटें आई जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

चेक बाउंस मामले में दंपति दोषी, मुआवजा भुगतान के निर्देश

जबलपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ऋषिराज मिश्रा की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में सदर बाजार जबलपुर निवासी राकेश पछेल व उनकी पत्नी रानो पछेल को दोषी ठहराया है। अदालत ने दोनों को दोषसिद्ध करते हुए परिवादी गोराबाजार जबलपुर निवासी अभिषेक विनोदिया को चेक राशि के संबंध में राशि अदा करने का आदेश दिया है। कुल तीन लाख 26 हजार देने होंगे।

परिवादी के अधिवक्ता संदेश दीक्षित के अनुसार दोनों पक्षों के बीच टेंट हाउस के सामान का दो लाख में सौदा हुआ था। परिवादी

अभिषेक विनोदिया ने 13 दिसंबर 2017 को एक लाख नगद व 50-50 हजार के दो बैंक चेक देकर कुल दो लाख का भुगतान किया। इसके बाद अभियुक्तों ने दायित्व के निर्वहन के लिए दो लाख का चेक जारी किया, लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण चेक अनादरित हो गया। परिवादी ने विधि अनुसार लीगल नोटिस भेजा। इसके बावजूद निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दस्तावेजी व मौखिक साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए पाया कि अभियुक्त चेक जारी करने से जुड़े वैधानिक दायित्व का खंडन नहीं कर सके। अदालत ने दोषी करार देते हुए विधि के अनुरूप सजा व तीन लाख 26 हजार रुपये प्रतिकर का आदेश पारित किया।

डी.फार्मा की छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, धोखे से खिलाई गर्भपात की दवा

नवभारत, जबलपुर। अपोलो अस्पताल के फार्मासिस्ट ने इंटर्नशिप कर रही डी.फार्मा की छात्रा को प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और जब छात्रा गर्भवती हो गई, तो उसे धोखे से गर्भपात की दवा खिला दी। तबीयत बिगड़ने पर आरोपी ने पीड़िता को डरा-धमकाकर अस्पताल में भर्ती कराया और अब शादी करने से साफ मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मूलतः दमोह जिले की रहने वाली 21 वर्षीय युवती जबलपुर में चुंगी नाका माढ़ोताल में किराए के कमरे में रहकर डी.फार्मा (फार्मेसी) की पढ़ाई कर रही है। वह पाटन बायपास स्थित अपोलो हॉस्पिटल्स में इंटर्नशिप करने गई थी। इसी दौरान अस्पताल के फार्मेसी विभाग में काम करने वाले नीरज राठौर 24 वर्ष निवासी अनूपपुर से उसकी जान-पहचान हुई। नीरज ने पीड़िता को पसंद करने का इजहार किया और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। 13 मार्च 2026 को आरोपी नीरज राठौर ने अपने दोस्त का जन्मदिन होने की बात कही। उसने पीड़िता को धनवंतरी नगर स्थित अपने कमरे पर बुलाया, जहाँ उसके दोस्त भी मौजूद थे। पार्टी खत्म होने के बाद आरोपी ने पीड़िता की मर्जी के खिलाफ उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने इस पर आपत्ति जताई और रोने लगी, तो आरोपी ने उससे वादा किया कि वह उससे प्यार करता है और जल्द ही शादी कर लेगा। डर और बदनामी के कारण पीड़िता ने यह बात किसी को नहीं बताई।

पेट दर्द की दवा बताकर खिलाई गर्भपात की गोली

मार्च के आखिरी हफ्ते में पीड़िता को पता चला कि वह गर्भवती है। उसने जब इसकी जानकारी नीरज को दी, तो आरोपी ने उसे दोबारा अपने कमरे पर बुलाया। वहां आरोपी ने पीड़िता को एक बिना रैपर की टैबलेट दी और कहा कि यह पेट दर्द की दवा है, इसे खा लो आराम मिलेगा। पीड़िता ने आरोपी पर भरोसा करके दवा खा ली। अगले ही दिन दोपहर से पीड़िता को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगी और उसकी हालत गंभीर हो गई। पीड़िता की तबीयत लगातार बिगड़ने पर आरोपी उसे छिपाकर विजय नगर स्थित एक क्लीनिक और बाद में धनवंतरी नगर के स्काई ब्लू हॉस्पिटल ले गया। हालत बिगड़ने पर ऑपरेशन कराया। प्रताड़ना से उबरने के बाद जब पीड़िता ने नीरज पर शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से पूरी तरह मुकर गया। उसने पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए कहा, तुम मर भी जाओगी तो भी मैं तुमसे शादी नहीं करूँगा, तुमको जो करना है कर लो। अब पीड़िता ने हिम्मत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ननि महिला कर्मी को श्वान ने काटा, मालिक ने धमकाया

कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला

नवभारत, जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत सुभाष टॉकीज के पास सड़क पर खुले घूम रहे एक पालतू कुत्ते ने मोटरसाइकिल से जा रही नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारी पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। जब पीड़ित दंपत्ति ने इसकी शिकायत की, तो कुत्ता मालिक ने उन्हें सरेराह धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सुनीता बाल्मीकि निवासी बेलबाग, फूटाताल की कचनार सिटी, विजय नगर जोन नगर निगम में साफ-सफाई का काम करती हैं। रोजाना की तरह सुबह करीब 6:10 बजे वह अपने पति अजय कुमार बाल्मीकि के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर ड्यूटी के लिए निकली थीं। सुबह करीब 6:15 बजे जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल दरहाई रोड होते हुए सुभाष टॉकीज के सामने पहुंची, वहां एक व्यक्ति अपने 3-4 कुत्तों को बिना पट्टे और जंजीर के सड़क पर टहला रहा था। मोटरसाइकिल जैसे ही उन कुत्तों के पास से गुजरी, अचानक एक कुत्ते ने सुनीता पर हमला कर दिया। कुत्ते ने महिला के दाहिने पैर के पंजे और एड़ी को बुरी तरह से काट लिया। हमला इतना अचानक था कि महिला संभल नहीं पाई और उसके पैर से भारी मात्रा में खून बहने लगा। जब घायल महिला और उसके पति ने कुत्ता मालिक को टोकते हुए कहा कि आप अपने कुत्तों को बांधकर क्यों नहीं रखते? तो वह आगबबूला हो गया। उसने धमकी भरे लहजे में कहा, मेरे कुत्ते तो रोड पर ऐसे ही खुले घूमेंगे, तुमको जो करना है कर लो। श्वान मालिक संतोष सोनी ने धौंस देते हुए कहा कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

पीड़िता विक्टोरिया से मेडिकल कॉलेज रेफर

घटना के तुरंत बाद पीड़ित दंपत्ति कोतवाली थाने पहुंचे। महिला की गंभीर स्थिति और बहते खून को देखते हुए पुलिस ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल भेजा। वहां से डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी संतोष सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बाइक के इंजन में छिपा था चार फीट लंबा सांप

नवभारत, जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत गढ़ा छोटी बजरिया स्थित मिश्रा कंपाउंड निवासी एडवोकेट साधना दुबे के घर के आंगन में रखी बाइक में सांयकाल चार बजे एक चार फीट लंबा सांप पीछे वाले पहिए के सहारे इंजन में छिप गया। जिसके कारण वहां अफरातफरी मच गई, इसकी सूचना सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को दी गई जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर प्राकृतिक रहवास देवताल तालाब में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप पन्हियल प्रजाति का है जो कि जहरीला नहीं होता है।

गली-गली पहुंचकर निगमायुक्त ने परखीं नागरिक सुविधाएं

सर्वपल्ली राधाकृष्णन वार्ड का किया सघन निरीक्षण

नवभारत,जबलपुर। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने नागरिक सुविधाओं और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्वपल्ली राधाकृष्णन वार्ड की विभिन्न बस्तियों का औचक एवं सघन निरीक्षण किया। इस दौरान वे स्वयं गली-गली पहुँचे और धरातल पर सफाई तथा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस मौके पर निगमायुक्त ने कचरा उठाने, नालियों की सफाई और सड़कों की झाड़ू व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सफाई संरक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए बस्तियों में नियमित और समयबद्ध सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

पेयजल आपूर्ति का लिया जायजा

निगमायुक्त ने इस दौरान नागरिकों से सीधे संवाद कर पूछा कि पानी की सप्लाई सही समय पर और पर्याप्त दबाव के साथ हो रही है या नहीं। नागरिकों से मिले फीडबैक के आधार पर जलापूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही निगमायुक्त ने आश्वासन दिया कि नागरिकों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और प्राप्त सुझावों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

कैंडल लाइट मार्च निकालकर संघर्ष को बताया सफल

नवभारत,जबलपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर नीट/सीबीएसई परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं, और नीट/सीबीएसई एक्जाम रद्द होने पर आत्महत्या कर अपनी जान गंवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेसियों ने शनिवार को कैंडललाइट मार्च निकाला। इस मौके पर विधायक लखन घनघोरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, आलोक मिश्रा

सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों व महिला कांग्रेस नेत्रियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर कांग्रेसियों ने अपने हाथों में एक पोस्टर लिया था जिसमें लिखा था कि नीट पेपर लीक के खिलाफ सफल संघर्ष और विजय मार्च.. मतलब साफ था कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद कांग्रेसियों ने अपने संघर्ष को सफल बताया है।

भटकी युवती को परिजनों से मिलाया

जबलपुर। रेल पुलिस के अति पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन हमददज़ के तहत जीआरपी जबलपुर ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घर से भटककर जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुंची 18 वषीज़्य युवती को सकुशल उसके परिजनों से मिला दिया। सोनाली कुमारी निवासी ग्राम आसंदी महुआ, थाना कुचायकोट, जिला गोपालगंज (बिहार) 23 जुलाई को जबलपुर स्टेशन पर मिली थी। उसकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जीआरपी ने उसे शक्ति सदन, पुलिस लाइन जबलपुर में सुरक्षित ठहराया और परिजनों की तलाश शुरू की। जीआरपी द्वारा संपर्क किए जाने पर युवती के माता-पिता जबलपुर पहुंचे। आवश्यक वैधानिक कारज़्वाई पूरी करने के बाद युवती को उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने जीआरपी जबलपुर का आभार व्यक्त करते हुए इस मानवीय पहल की सराहना की। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजीवनी राजपूत, प्रधान आरक्षक धीरेंद्र एवं महिला आरक्षक आकृति मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

पिता की डांट से नाराज बालक घर छोड़कर चला गया

थाने में अपहरण का मामला दर्ज, छानबीन में जुटी पुलिस

जबलपुर। पिता की मामूली डांट से नाराज होकर एक 14 वर्षीय छात्र घर छोड़कर कहीं चला गया। परिजनों ने पहले तो अपने स्तर पर उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो वे सीधे तिलवारा थाने पहुंचे। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर पतासजी शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तिलवारा के कबीरमठ क्रेशर बस्ती में रहने वाले वाला 14 वर्षीय बालक सी.एम. राईस स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र है। उसके पिता ने उसे सुबह जल्दी उठकर स्वास्थ्य के लिए टहलने जाने को कहा था।

इस पर छात्र ने पैर में दर्द का बहाना बनाते हुए जाने से इंकार कर दिया। पिता ने जब उसे पढ़ाई और सेहत पर ध्यान देने की बात कहकर थोड़ा डांट दिया, तो वह नाराज हो गया। वह चुपचाप कुर्सी से उठा और घर से बाहर निकल गया। जब काफी देर तक वे घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसकी सरगर्मी से तलाश की। जब कहीं भी उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो बदहवास परिजन तिलवारा थाने पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी।

संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी

खमरिया थाना अंतर्गत रिठौरी से एक 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई है। जानकारी अनुसार रिठौरी निवासी महिला अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ मझगवां में रोपा लगाने गई थी। बेटी अकेले घर लौट आई थी। जब मां काम से वापस आई, तो घर पर ताला लगा था और बेटी गायब थी। बिना बताए कहीं चली गई। रिश्तेदारों और मोहल्ले में काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

प्रदर्शन मेडिकल यूनिवर्सिटी के भेदभाव पूर्ण विभाजन पर मौन प्रदर्शन, जनसंगठनों द्वारा उठाई जा रही है लगातार आवाज

गांधी जी, अब आप ही जबलपुर को बचाइए....

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर के मनमानी एवं भेदभाव पूर्ण विभाजन पर दुःख व्यक्त करते हुए शनिवार को जन संगठनों के प्रतिनिधियों ने टाउन हाल परिसर स्थित गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना की कि गांधी जी, अब आप ही जबलपुर को बचाएं। जन संगठनों ने इस अवसर पर मौन प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रतिनिधियों का कहना था कि सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों ने मामले में पूर्णतः चुप्पी साधी और कोई भी आपत्ति दर्ज नहीं की। यह काफी दुर्भाग्य पूर्ण एवं चिंतनीय है। इस कृत्य से यह प्रतीत हो गया कि वर्तमान में जबलपुर की

अस्मिता के संरक्षण करने वाला कोई भी बचा नहीं है।

राज्यपाल मंजूरी नहीं दें...

डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि मेडिकल यूनिवर्सिटी के विभाजन का विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव अब मंजूरी हेतु महामहिम राज्यपाल को भेजा गया है। पारित प्रस्ताव में उज्जैन को 6 संभाग तथा 31 जिले, जबलपुर को 4 संभाग एवं 24 जिले दिये गये है। जबकि क्षेत्रफल और जनसंख्या दृष्टि से उज्जैन से जबलपुर बड़ा शहर है। जाहिर है कि यह पारित प्रस्ताव पूर्णतः मनमानी एवं भेदभाव पूर्ण है तथा ऐसे प्रस्ताव से जबलपुर की साख प्रभावित हुई है। अतः जन संगठनों ने एकमतेन प्रस्ताव पारित किया है कि महामहिम राज्यपाल इस प्रस्ताव को मंजूरी न दें। इस अवसर पर रजत भार्गव, टी. के. राजघटक, एड. वेदप्रकाश अधोलिया, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पाण्डे, डी. के. सिंह, संतोष श्रीवास्तव, पी.एस. राजपूत, माया कुशवाहा, यशवंत कोष्टा, व्ही.एन. कमलाकर, के.सी. सोनी, उमा दाहिया, पूर्णिमा नायडू, एड. बृजेश साहू, श्याम सोलंकी, कंचन पटेल, अशोक यादव, अनिल गुप्ता, राममिलन शर्मा, आदि उपस्थित थे।